हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, रविवार, 16 जून 2024

13 श्री चैतन्या के विद्यार्थियों ने जीते पुरस्कार



14 रविवार को भी एडमिशन के लिए होगा रजिस्ट्रेशन



## खबर संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

**बहादुरगढ़।** शहर के निवासी एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अपने मकान में वह मृत अवस्था में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। मामले में पुलिस ने 174 के तहत कार्रवाई की है। मृतक की पहचान करीब 42 वर्षीय राजबीर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वह लाइनपार का रहने वाला था। शनिवार की सुबह अपने मकान में मृत अवस्था में पाया गया। परिजनों की नजर पड़ी तो उन्होंने संभाला लेकिन देर हो चुकी थी। अस्पताल में ले गए तो डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। हृदयाघात या किसी बीमारी से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस तफ्तीश में जुटी है।

### लापता युवक का नहीं लगा सुराग

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश मूल का एक युवक यहां से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर उसे तलाश चुके हैं, लेकिन कुछ अता-पता नहीं है। अब परिजनों को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। शहर में झज्जर रोड स्थित एक कॉलोनी के निवासी विनय का कहना है कि उसका छोटा भाई करीब 23 वर्षीय बृजेश 12 जून की सुबह करीब सात बजे घर से निकला था लेकिन वापस नहीं आया। इसके बाद उसको तलाश किया लेकिन कहीं नहीं मिला। उधर, सिटी पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बस स्टैंड परिसर से मोटरसाइकिल चोरी

**झज्जर :** शहर के नया बस स्टैंड परिसर से मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में भिंडावास निवासी दिनेश कुमार पुत्र महेंद्र सिंह ने बताया कि वह शुक्रवार की सुबह करीब ग्यारह बजे अपनी मोटरसाइकिल पर झज्जर आया था। नया बस स्टैंड पर

# नौ करोड़ रुपये में सुधरेंगी शहर के सेक्टर-17 स्थित फुटवियर पार्क की सड़कें

- एचएसआईआईडीसी कर चुकी टेंडर अलॉट, जल्द ही शुरू होगा सेक्टर-17 में सड़कों के सुधारीकरण का काम

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-17 स्थित फुटवियर पार्क की जर्जर सड़कों के अच्छे दिन आने वाले हैं। उद्यमियों द्वारा लंबे समय से इसके लिए गुहार लगाई जा रही थी। हरियाणा राज्य औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम द्वारा 9 करोड़ 6 लाख रुपए की लागत से सड़कों की स्थिति सुधारने का टेंडर अलॉट किया जा चुका है। आदर्श चुनाव आचार संहिता के कारण यह काम शुरू नहीं हो पाया था। अब जल्द ही यह काम शुरू हो जाएगा और फुटवियर पार्क की सड़कों की स्थिति बेहतर हो जाएगी।



बहादुरगढ़। सड़कों में बने गड्ढे से गुजरता वाहन। फोटो : हरिभूमि

### गड्ढों की मरम्मत के नाम पर हो रही थी खानापूर्ति

बता दें कि हरियाणा राज्य औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) ने वर्ष 2006 में शहर के सेक्टर-17 में करीब 316 एकड़ में फुटवियर पार्क विकसित किया था। इस पार्क में जूता उद्योग से जुड़ी 368 फैक्ट्रिया अलॉट की गई थी। निगम द्वारा वर्ष-2014 में यहां सड़कें बनाई थीं। तब से लेकर अब तक सड़कों में गड्ढों की मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति हो रही थी। इन सड़कों की हालत पूरी तरह जर्जर हो गई है। ऐसे में यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को बेहद परेशानी होती है। उद्यमियों द्वारा लगातार शासन-प्रशासन से फुटवियर पार्क की सड़कों का निर्माण करने की मांग की जा रही थी। उद्यमियों की मांग पर ही निगम ने एस्टीमेट तैयार कर स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेजा था। एस्टीमेट को मंजूरी मिलने के बाद इसका टेंडर लगाया गया था। करीब 9 करोड़ 6 लाख रुपए की लागत यह काम 14 मार्च को अवॉर्ड हो चुका है। इसके तुरंत बाद आदर्श चुनाव आचार संहिता के कारण काम शुरू नहीं हो पाया था। अब सड़कों को बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। वर्क ऑर्डर के अनुसार यह काम 14 सितंबर तक पूरा हो जाएगा। इससे उद्यमियों के साथ-साथ यहां काम करने वाले कर्मचारियों को काफी फायदा होगा।

### सड़कों के नवीनीकरण का काम शीघ्र होगा

सेक्टर-7 फुटवियर पार्क में सड़कों सुदृढ़ बनाने के लिए 9 करोड़ 6 लाख रुपए का टेंडर अलॉट हो चुका है। चुनाव आचार संहिता के कारण यह काम शुरू नहीं हो पाया था। अब आचार संहिता हट चुकी है और एजेंसी काम शुरू करने की योजना बना रही है। जल्द ही सड़कों के नवीनीकरण का काम शुरू हो जाएगा।

**- वीरेंद्र कादियान, एजीएम, एचएसआईआईडीसी**

# साढ़े 10 घंटे में 105 किलोमीटर दौड़ा प्रवीन



बहादुरगढ़। अल्ट्रारन पूरी करने के बाद बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

- रनिंग चैलेंज के 50वें दिन बीआरजी ने आयोजित की अल्ट्रारन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दौड़ने में सभी को पीछे छोड़ रहे बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप ने बीती रात एक और उपलब्धि हासिल की। रनिंग चैलेंज के 50वें दिन बीआरजी ने शुक्रवार रात को अंबेडकर स्टेडियम में अल्ट्रा रन का आयोजन किया। शुक्रवार रात 8 बजे शुरू हुई दौड़ शनिवार सुबह 7 बजे पूरी हुई। इस दौरान बीआरजी के प्रवीन सांगवान ने 105 किमी दौड़ पूरी की।

दीपक छिल्लर ने बताया कि सौ दिवसीय चैलेंज के 50वें दिन शुक्रवार रात को अल्ट्रा रन का आयोजन किया गया। इस दौरान अपनी परफॉर्मेंस जांचने के लिए सभी धावकों ने इसमें भाग लिया। अल्ट्रारनर प्रवीन सांगवान ने साढ़े 10 घंटे में 105 किमी दौड़कर 24 घंटे की स्टेडियम रन में बेहतर प्रदर्शन कर टीम इंडिया में चयन तय कर लिया है। बीआरजी के बादल और अंजु टीम इंडिया में अपनी जगह बना चुके हैं। आस्ट्रेलिया अल्ट्रारन में भारत को जीत भी दिला चुके हैं। शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक हुई अल्ट्रारन में प्रवीन सांगवान ने 105 किमी, धर्मवीर सैनी ने 54, सरनाम सिंह ने 52, धर्मवीर सैन ने 52, ब्रह्मप्रकाश मान ने 51, सागर ओहल्यान ने 44, नरेंद्र जांगड़ा ने 43, सुनील कुमार ने 38, अजय कंडोल ने 36, दीपक छिल्लर ने 33, रमेश कुमार शर्मा ने 21, गुलाब ने 21 और पुष्कर ने भी 21 किमी दौड़ लगाई। सुमित दलाल की अगुवाई में लक्ष्य सांगवान, पीयूष, आकाश काजला, शाइब, प्रिंस दहिया, शुभम दहिया, अयान दहिया, उज्जवल मिश्रा, राजकुमार, टिंकू, निशु, हिमांशु, मोहन, उज्जवल जून, लक्ष्य, विशाल राणा व जतिन ने भी दौड़ लगाई।

# तेज आंधी के कारण ग्वालिसन मार्ग पर टूटे पोल, बिजली आपूर्ति रही बाधित

## कई स्थानों पर लोगों की छतों से सामान उड़ कर दूर जा गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

तेज गर्मी से बेहाल लोगों को शुक्रवार की रात आई तेज आंधी व हल्की बौछार ने जहां आंशिक राहत प्रदान की वहीं आंधी से शहर के ग्वालिसन मार्ग पर पोल टूटने के कारण बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी बाधित रही। ऐसे में ग्वालिसन मार्ग के साथ लगते क्षेत्र में गुल हुई बिजली सप्लाई सुबह तक बहाल हो पाई। जब लोगों ने पोल क्षतिग्रस्त होने की सूचना निगम कर्मचारियों को दी तो वे मौके पर पहुंचे और बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने में जुट गए। ऐसे में टूटे हुए पोल की जगह नए पोल स्थापित किए गए जिसके बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो पाई। इसके अलावा कई स्थानों पर लोगों की छतों से सामान उड़ कर भी दूर जा गिरा। गणीमत यह रहा कि किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। आंधी के साथ आई बरसात की बौछारों से बेशक रात को चली ठंडी हवाओं ने लोगों को थोड़ी राहत दिलाई लेकिन शनिवार की सुबह निकले सूर्यदेव ने दोपहर तक फिर से अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया। दिन का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार रविवार को तापमान में और वृद्धि होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

- गणीमत यह रहा कि किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ





झज्जर। शहर के ग्वालिसन मार्ग तेज आंधी के कारण क्षतिग्रस्त हुए बिजली पोल।

### सुबह हो पाई बिजली आपूर्ति सुचारू

निगम के एसडीओ सौरभ ने बताया कि तेज आंधी के कारण ग्वालिसन मार्ग पर तलाव गांव के नजदीक तथा रेलवे स्टेशन से आगे सड़क किनारे के तीन पोल क्षतिग्रस्त हो गए। पोल टूटने के कारण बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। इस दौरान ग्वालिसन गांव तक सड़क के साथ लगती कालोनियों, दुकानों व घरों में बिजली बाधित रही। सूचना मिलने के बाद उन्होंने टीम को भेजा। रात भर की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह बिजली सप्लाई सुचारू हो पाई।

# बिजली के फॉल्ट और कटों से लोग जूझ रहे हैं वहीं शहर में हो रही बर्बादी

## दोपहर में भी जल रही लाइटें, देखने वाला कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- आसपास रहने वाले लोगों को भी यह ख्याल रखना चाहिए

गर्मी के इस मौसम में बिजली की खपत बढ़ी हुई है। बिजली के फॉल्ट और कटों से लोग जूझ रहे हैं तो वहीं शहर में बिजली की बर्बादी हो रही है। यहां अक्सर दोपहर के वक्त भी स्ट्रीट लाइटें जलती देखी जाती हैं। शनिवार को परशुराम मार्ग पर देवी मंदिर के बाहर भी ऐसा नजारा देखने को मिला।



यहां सड़क किनारे पोल पर लगी लाइटें चालू थी। इतना ही नहीं, तिरंगा लाइटें भी रोशन थी। शहर के निवासी नवीन का कहना है कि कहीं कहीं तो रात के वक्त भी लाइटें बंद रहती हैं तो यहां उजाले में भी लाइट चालू हैं। इस तरह से विद्युत उर्जा की बर्बादी होती है।

सुबह के वक्त लाइटें बंद कर देनी चाहिए। आसपास रहने वाले लोगों को भी यह ख्याल रखना चाहिए। यदि उनके नजदीक कोई लाइट चालू हो तो उसे बंद कर दें ताकि उर्जा को बचाया जा सके।

### रिश्तेदारों पर मारपीट का लगाया आरोप

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव नंगला में एक महिला ने अपने रिश्तेदारों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में नंगला गांव निवासी मितलेस पत्नी सुरेंद्र ने बताया कि बीती बारह जून की सायं करीब चार बजे जब वह घर के बाहर बैठी थी तो उसका रिश्तेदार प्रदीप अपनी पत्नी विद्या व उसकी भाभी अनीता आदि के साथ वहां पहुंचा। उन्होंने उसकी लात-घूंसों व डंडे से उसकी पिटाई की। इसके बाद जब वह इलाज कराकर अगले दिन 13 जून को अपने घर पहुंची तो भी प्रदीप व अनीता ने अन्य रिश्तेदारों के साथ उसका रास्ता रोककर उसके परिवार पर हमला बोल दिया। लड़ाई झगड़े में उसके भाई सोमबीर, बहन सारोबाई, बेटे हिमांशु व भतीजे दीपक को चोटें आईं। पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# खेड़ी जसोर में होगी लड़कियों की फुटबॉल लीग

हरिभूमि न्यूज:बहादुरगढ़

- यह फैसला गांव में हुई सभा में ग्रामीणों ने लिया

प्रतिभाओं को निखारने के मकसद से गांव खेड़ी जसोर में जल्द ही लड़कियों की फुटबॉल लीग शुरू होगी। यह फैसला गांव में हुई सभा में ग्रामीणों ने लिया है। इस दौरान कई रोमांचक फुटबॉल मुकाबले भी खेले गए। गांव में आयोजित सभा में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच रोहित पाराशर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कोच मुनेश, आरती, जसवंत, देवेंद्र, शमशेर, एनएसजी कमांडो संदीप, प्रो कबड्डी खिलाड़ी मोहित, हेमंत देशवाल, पूजा, परमवीर, खेल कमेटी व अन्य लोग इस अवसर पर मौजूद रहे। सभा में लड़कियों की फुटबॉल लीग कराने पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। कोच सुदर्शन, विनय ने अपना अनुभव सांझा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने गांव में लीग आरंभ कराई थी। किसी भी कार्य की शुरुआत स्वयं तथा अपने घर से करनी पड़ती है, इसके बाद कारवां बढ़ता चला जाता है।



बहादुरगढ़। ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व कोच रोहित पाराशर। फोटो : हरिभूमि

पूर्व कोच रोहित पाराशर ने कहा कि गांव, समाज अपने आप में बड़ी ताकत है। अपनी बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए केवल सरकार पर आश्रित नहीं रहना है। समाज के जागरूक लोग इस जिम्मेदारी को उठाएं और अपना सहयोग करेंगे। इस सभा के दौरान ग्रामीणों ने फैसला लिया कि वे अपने खिलाड़ियों के हर संभव सहयोग के लिए तैयार हैं। जल्द ही गांव में लड़कियों की फुटबॉल लीग कराई जाएगी। इतना ही नहीं, स्टेडियम में पानी की टंकी, शौचालयों आदि व्यवस्था के लिए भी प्रयास करेंगे। इस दौरान फुटबॉल मुकाबले खेले गए। अंडर-9 में बहादुरगढ़ फुटबॉल क्लब को खेड़ी जसोर की टीम ने 7-6 के अंतर से हरा दिया। वहीं दूसरे मुकाबले में लोवा खुर्द ने खेड़ी जसोर को 5-2 के अंतर से शिकस्त दी। पूर्व कोच रोहित पाराशर ने कहा कि उनकी टीम के कोच सुदर्शन, विनय, रितु रानी, मनीषा आदि सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।


**चोरी**

**मवेशी चोर भैंस को गाड़ी पर चढ़ा कर रेवाड़ी रोड की ओर भाग निकले**

# अलग-अलग स्थानों से तीन भैंस व दो कटड़े चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में भैंस चोर गिरोह सक्रिय है। बीती तेरह जून की रात जिले के अलग-अलग स्थानों से तीन भैंस व दो कटडे.चोरी होने के मामले सामने आए हैं। क्षेत्र के गांव गिजाडौद में जहां चोर एक भैंस को गाड़ी चढ़ा कर भाग निकले वहीं तलाव गांव में दो स्थानों पर एक भैंस व एक कटड़ा चोरी किए जाने की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में गिजाडौद गांव निवासी जगबीर पुत्र रामकला ने बताया कि बीती तेरह जून की रात उसने अपनी भैंस को चारा आदि खिलाकर कर मकान के सामने गली में बांधा था। उसके मकान में सीसीटीवी लगे हैं।



झज्जर। सीसीटीवी में भैंस चोरी करके ले जाते हुए चोर।

अलसुबह जब उसे अपनी भैंस सीसीटीवी में नहीं दिखाई दी तो वह अपनी भैंस की तलाश में अपने भतीजे नवीन के साथ गांव में निकला। उन्होंने देखा कि तीन चार लोग उसकी भैंस को गाड़ी के अंदर चढ़ा रहे थे।

इसके बाद जब उसने व नवीन ने उनका विरोध किया तो उन लोगों ने दोनों के साथ मारपीट करते हुए उसका पर्स भी छीन लिया जिसमें करीब ढाई हजार रुपये थे। जब उन्होंने शोर किया तो वे लोग भैंस को गाड़ी चढ़ा कर रेवाड़ी रोड की ओर भाग निकले। जगबीर के अनुसार भैंस चोरी की वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी के पिछे वाले डाले पीले रंग पैंट किया हुआ था तथा उस पर काला तिरपाल लगा रखा था।

उधर, दूसरी ओर पुलिस को दी शिकायत में तलाव गांव निवासी योगेश पुत्र सत्यनारायण ने बताया कि बीती तेरह जून की रात उसने अपनी भैंस व एक कटड़ा प्लाट में बांधा था। चौदह जून की सुबह करीब चार बजे जब उसकी आंख खुली और वह पशुओं के चारापानी के लिए प्लाट में पहुंचा तो उसने देखा कि प्लाट के गेट का ताला टूटा हुआ है उसमें बंधी भैंस व कटड़ा भी चोरी हो चुके है। इस संबंध में जब उसने आस-पड़ोस के लोगों से जानकारी ली तो उसे पता चला उसी रात गांव के विजेंद्र पुत्र मांगेराम की भैंस व कटड़ा भी चोरी हुए हैं। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सीसीटीवी में कैद हुई भैंस चोरी की एक वारदात

गिजाड़ौद गांव में हुई भैंस चोरी की वारदात जगबीर के घर पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में मुंह पर कपड़ा बांधे हुए दो युवक गली में प्रवेश करते दिखाई देते हैं। ऐसे में एक युवक जहां भैंस खोलने के लिए खूंटे के पास जाता है तो दूसरा युवक दरवाजे के सामने खड़ा होकर निगरानी करता दिखाई देता है। करीब दो मिनट के अंदर ही भैंस चोरी की घटना को अंजाम देकर युवक मौके से चले जाते हैं।

# सुबह छह बजे से चलेगी मेट्रो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- सिविल सर्विसेज (प्रीलिम्स) एग्जाम के चलते डीएमआरसी ने लिया फैसला

दिल्ली जाने वाले मेट्रो यात्रियों के लिए जरूरी खबर है। रविवार को बहादुरगढ़ से दिल्ली (ग्रीन लाइन) सहित कई लाइनों पर निर्धारित समय से दो घंटे पहले मेट्रो की सेवा चालू हो जाएगी। सिविल सर्विसेज (प्रीलिम्स) एग्जाम के चलते डीएमआरसी ने यह फैसला लिया है। फेज-3 के सभी सेक्शंस पर मेट्रो सर्विस सुबह छह बजे चालू हो जाएगी।

आमतौर पर रविवार को इन लाइनों पर सर्विस आठ बजे शुरू होती है। डीएमआरसी से मिली जानकारी के अनुसार, दिलशाद गार्डन-शहीद स्थल, नोएडा सिटी सेंटर- नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी, मुंडका-ब्रिगेडियर होशियार सिंह, बदरपुर बॉर्डर- राजा नाहर सिंह (बल्लभगढ़), मजलिस पार्क -शिव विहार, जनकपुरी वेस्ट-बॉटेनिकल गार्डन और ढांसा बस स्टैंड से द्वारका की लाइनों पर 16 जून को आठ बजे की बजाय सुबह छह बजे सेवाएं चालू हो जाएंगी। अन्य सेक्शन पर ट्रेनें अपने तय निर्धारित समय पर चलेंगी। डीएमआरसी के प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनुज दयाल ने बताया कि ये बदलाव यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों की सुविधा के लिए किए गए हैं। उधर, अन्य यात्रियों को भी इससे लाभ मिलेगा। बहादुरगढ़ के काफी लोग रविवार को खरीदारी या अन्य काम के सिलसिले में दिल्ली जाते हैं। चूंकि गर्मी है तो लोग सुबह-सुबह निकलने का प्रयास करते हैं।



बहादुरगढ़। सिटी स्टेशन पर पहुंची मेट्रो का फाइल फोटो।

# एमएफ में 8-4-3 का नियम तो खटाखट बढ़ेगा पैसा

- म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए यह एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी
- हर माह 21,250 निवेश करेंगे तो 8 साल में 33.37 लाख बनेंगे
- 21वें वर्ष तक आप 2.22 करोड़ रुपये बचाने में कामयाब होंगे
- धैर्य और अनुशासन के माध्यम से धीरे-धीरे धन अर्जित करें


*निवेश करने जा रहे हैं तो यह जान लें कि 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल म्यूचुअल फंड में एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी है। यह नियम इस बात पर आधारित है कि समय और चक्रवृद्धि ब्याज निवेश में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस रणनीति में यह अनुमान लगाया जाता है कि निवेश सालाना किस दर से बढ़ेगा। इससे कम्पाउंडिंग की ताकत को समझने में मदद मिलती है और निवेशक आसानी से अपना पैसा बढ़ा लेता है।*

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

पैसा आज की सबसे बड़ी जरूरत है। हर किसी को पैसा चाहिए। पैसा बढ़ाने का कोई शॉर्टकट नहीं है, लेकिन थोड़ी सावधानी के साथ निवेश किया जाए तो आप कंपाउंड का लाभ लेकर आसानी से कुछ ही समय में अच्छा पैसा बना सकते हैं और करोड़पति बन सकते हैं। हर कोई करोड़पति बनने की चाहत रखता है। इसे पर्सनल फाइनेंस में एक मील के पत्थर के तौर पर देखा जाता है। अक्सर लोग पूछते हैं कि करोड़पति बनने के लिए क्या करना होगा? क्या 1 करोड़ रुपये जमा करने के लिए कसिी तय समय की जरूरत है? क्या इतनी रकम जोड़ पाना संभव है? इन सभी सवालों का जवाब 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल में है। दरअसल, किसी भी फाइनेंशियल टारगेट तक पहुंचने के लिए आपके हाथ में जरूरी समय होना चाहिए। इसके लिए तय समय तक एक निश्चित रकम का निवेश करने की जरूरत होगी। अनुशासन और चक्रवृद्धि की ताकत (कम्पाउंडिंग पावर) से समय के साथ अपनी बचत को दोगुना या तिगुना करना मुमकिन है। इस रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएंगे कि म्यूचुअल फंड में 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल क्या है। निवेशक क्यों इसे निवेश की सबसे लोकप्रिय स्ट्रैटजी बता रहे है। यह नियम कैसे पैसा बढ़ाने में आपकी मदद कर सकता है।

### क्या है 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल

म्यूचुअल फंड की दुनिया में 8-4-3 रूल बढ़ते निवेश में चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत को दर्शाने में मदद करता है। इसके जरिये एक करोड़ रुपये या दूसरे फाइनेंशियल टारगेट के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल एक कॉन्सेप्ट है। इसका इस्तेमाल समय के साथ आपके निवेश को बढ़ाने में चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत को दिखाने के लिए किया जाता है। अगर हम इसे ध्यान से देखें तो यह कोई निवेश रणनीति नहीं है, बल्कि ग्रोथ की संभावित रफ्तार को समझने का एक सरल तरीका है। निवेश करने जा रहे हैं तो यह जान लें कि 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल म्यूचुअल फंड में एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी है। यह नियम इस बात पर आधारित है कि समय और चक्रवृद्धि ब्याज निवेश में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




### कैसे लागू होता है 8-4-3 का नियम?

पहले 8 सालों में आप अपने निवेश में स्थिर बढ़ोतरी देखते हैं। फिर अगले 4 सालों (वर्ष 9-12) में निवेश की ग्रोथ पहले 8 सालों के बराबर हो सकती है। यानी आपने पहले 8 सालों में जितना पैसा बनाया वह 4 साल में बनने लगता है। फिर अंतिम 3 सालों (वर्ष 13-15) में निवेश की बढ़ोतरी पिछले 4 सालों जितनी हो सकती है।

### पूरा कॉन्सेप्ट ऐसे समझें

- निवेश में 8-4-3 रूल के असर को समझने के लिए एक उदाहरण लेते हैं। मान लेते हैं कि आप ऐसे किसी इंस्ट्रूमेंट में पैसा लगाते हैं, जिसमें 12 फीसदी सालाना चक्रवृद्धि ब्याज मिलता है। इसके जरिये हर महीने 21,250 रुपये का निवेश करके आप 8 साल में 33.37 लाख रुपये तक पहुंच सकते हैं। इसी तर्ज पर निवेश करते हुए अगले 4 साल में आप और 33 लाख रुपये अर्जित कर लेंगे। यानी पहले के मुकाबले इस बार आधा समय लगता है। बाकी 33.33 लाख रुपये सिर्फ तीन वर्षों में बचाए जा सकते हैं।
- इस तरह 15 साल के बाद आप 1 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएंगे। लगातार निवेश के साथ 21वें वर्ष तक आप 2.22 करोड़ रुपये बचा सकते हैं। यानी यह छह सालों में आपकी 1 करोड़ रुपये की राशि को दोगुना कर देगा।
- 22वें साल तक आप सिर्फ एक साल में 33 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। इसका श्रेय चक्रवृद्धि ब्याज को जाता है। ध्यान दें कि इस उदाहरण में वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज का इस्तेमाल किया गया है।

### यह भी अहम

बदलती बाजार स्थितियों और रुझानों के साथ अपने निवेश को समायोजित करना महत्वपूर्ण है। यह गतिशील दृष्टिकोण जोखिमों को कम करने और अवसरों को भुनाने में मदद करता है। 8-4-3 नियम को समझने से विश्वसनीय दीर्घकालिक निवेशों के बारे में जानकारी मिलती है। इस नियम का पालन करने से जोखिम कम हो सकता है, महंगाई से बचाव हो सकता है और बाजार के अवसरों का लाभ उठाया जा सकता है। बाजार की स्थिति चाहे जो भी हो, धैर्य और अनुशासन के माध्यम से धीरे-धीरे धन अर्जित करना संभव है।

## स्मॉल-कैप फंड में निवेशकों का भरोसा बरकरार, बन रहे रिकॉर्ड

- मई में 2,724 करोड़ का निवेश हुआ, जो अप्रैल में 2,208.70 करोड़ ज्यादा
- इक्विटी एमएफ में मई महीने में निवेश 84% तक बढ़ा
- इक्विटी में निवेश बढ़कर 34,697 करोड़ रुपये पहुंचा
- लोगों ने सेक्टोरल व थेमेटिक फंड्स में खूब निवेश किया
- इस दौरान सेक्टोरल/थेमेटिक फंड्स में 272% इनफ्लो बढ़ा
- हालांकि, डेट म्यूचुअल फंड में नेट इनफ्लो 78% हुआ कम

जानकारी
बिजनेस डेस्क

इक्विटी म्यूचुअल फंड खासकर स्मॉल कैप फंडों में लोगों का उत्साह जारी है। तभी तो बीते मई महीने के दौरान इस निवेश में जोरदार बढ़त देखने को मिली। स्मॉल-कैप फंड में लगातार दूसरे महीने निवेशकों का रुझान बढ़ता दिखा। मई में 2,724 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो अप्रैल में 2,208.70 करोड़ रुपये से अधिक है। ईएलएसएस और फोकस्ड फंड को छोड़कर सभी इक्विटी कैटेगरी ने मई में पोजिटिव इनफ्लो हुआ। हालांकि, ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड में ओवरऑल इनफ्लो मई में 54% घटकर 1.11 लाख करोड़ रुपये रह गया, जबकि अप्रैल में यह 2.40 लाख करोड़ रुपये था। वहीं देखा जाए तो इक्विटी म्यूचुअल फंड भी मई में 34,697 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने यानी अप्रैल के मुकाबले 83 फीसदी अधिक है। इससे पहले इसी साल अप्रैल महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में 18,917 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था।




**डेट फंड से पैसे निकाले :** बीते महीने डेट म्यूचुअल फंड में नेट इन्फलो में अच्छी-खासी गिरावट देखी गई। अप्रैल में यह 1.89 लाख करोड़ रुपये पर था जो कि मई महीने में 78% गिरकर 42,294 करोड़ रुपये रह गया। शॉर्ट-ड्यूरेशन फंड, मीडियम-ड्यूरेशन फंड, डायनेमिक बॉन्ड फंड, क्रेडिट रिस्क फंड, गिल्ट फंड और फ्लोटर फंड में निवेशकों ने पैसा निकला। फ्लोटर फंड (546.41 करोड़) और क्रेडिट रिस्क फंड( 540 करोड़) में सबसे अधिक निवेशकों ने पैसे निकाले।

### एसआईपी ने बनाया रिकॉर्ड

सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा। एसआईपी के जरिए मंथली कांट्रिब्यूशन बढ़कर मई में 20,904 करोड़ रुपये हो गया। यह अप्रैल में 20,371 करोड़ रुपये था। इन स्कीम्स में मंथली निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

### निवेशकों को मिला मौका

मई में आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान बीच-बीच में शेयर बाजार में करेक्शन हुआ। इस करेक्शन ने निवेशकों को बाजार में कुछ खरीदारी का मौका दिया। इसके अलावा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में वापस आने की उम्मीद ने भी निवेशकों की खरीदारी को बढ़ावा दिया। आखिर कर एनडीए की सरकार भी बन गई।

### अब तक का सबसे अधिक निवेश

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस साल मई महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में अब तक का सबसे अधिक निवेश हुआ है। इसकी वजह न्यू फंड ऑफर (एफएफओ) और सेक्टोरल/थेमेटिक स्कीम में 272% की मजबूत वृद्धि देखी गई। इन स्कीम्स में मई में 19,213.43 करोड़ रुपये का इनफ्लो रहा। अप्रैल में यह 5,166.05 करोड़ रुपये था। मई महीने में एनएफओ के जरिए निवेश बढ़कर 10,140 करोड़ रुपये हो गया है। अप्रैल में 1,536 करोड़ से यह काफी अधिक है।

## म्यूचुअल फंड स्कीम, मुनाफा देने में स्टॉक मार्केट को दे रही टक्कर

- सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में सुरक्षित भी
- इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी निवेश की कई कटेगरी
- लार्जकैप, मिडकैप व स्मॉलकैप फंड के जरिए निवेश
- रिटर्न देने में भी किसी से पीछे नहीं है एमएफ

आप भी निवेशक हैं या निवेश करने जा रहे हैं तो जरा ठहरिये। निवेश से पहले एक बार बाजार का रुख देख लें। अपनी रिस्क क्षमता और लक्ष्य का चुनाव कर लें। क्योंकि पैसा कमाने का कोई छोटा रास्ता नहीं होता है। हां अब धैर्य और प्लानिंग के साथ निवेश किया जाए तो आपको कुछ ही समय में पैसे वाला बना सकता है। इसलिए जरूरी है कि निवेश करते समय अलर्ट रहें, ताकि आपको नुकसान न हो। क्या आपको किसी स्कीम या विकल्प में पैसा लगाकर सिर्फ एक साल में 60 फीसदी या 70 फीसदी रिटर्न मिला है। जब इतने हाई रिटर्न की बात होती है मन में अक्सर स्टॉक मार्केट का ध्यान सबसे पहले आता है, लेकिन बहुत से निवेशक स्टॉक मार्केट में शामिल रिस्क को देखकर डर जाते हैं या उन्हें स्टॉक मार्केट की बहुत अच्छी जानकारी नहीं होती है। ऐसे में वे निवेश का फैसला नहीं ले पाते, लेकिन एक और विकल्प है, जो स्टॉक मार्केट की तुलना में काफी हद तक सुरक्षित माना जाता है और रिटर्न देने के मामले में भी कहीं से पीछे नहीं है। हम बात कर रहे हैं म्यूचुअल फंड बाजार की, जहां कई ऐसी स्कीम मौजूद हैं, जिनका एक साल का रिटर्न 65 फीसदी से 77 फीसदी रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं म्यूचुअल फंड कर कुछ ऐसी स्कीम जो मुनाफा देने में स्टॉक मार्केट को भी कड़ी टक्कर दे रही हैं। इन योजनाओं में निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं और कम समय में ही अमीर यानी करोड़पति भी बन सकते हैं।

योजना
बिजनेस डेस्क

### वर्ष में रिटर्न देने में टॉप स्कीम

- क्वांट मिडकैप फंड : 76.53%
- बंधन स्मॉलकैप फंड : 71.95%
- आअर्टीआई मिडकैप फंड : 71.80%
- एबीएसएल निफ्टी स्मॉलकैप 50 इंडेक्स : 71.09%
- क्वांट लार्ज एंड मिडकैप फंड : 69.62%
- आईटीआई स्मॉलकैप फंड : 67.98%
- आईसीआईसीआई प्रू भारत 22 एफओएफ : 67.32%
- क्वांट स्मॉलकैप फंड : 66.18%
- बैंक ऑफ इंडिया फ्लेक्सी कैप फंड : 65.54%
- जेएम फ्लेक्सी कैप फंड : 65.34%

### सीधे स्टॉक में पैसा लगाने से ज्यादा सुरक्षित

बाजार के जानकारों के अनुसार म्यूचुअल फंड में निवेश, सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी स्टॉक मार्केट की तरह ही अलग-अलग कैटेगरी हैं। मसलन लार्जकैप, मिडकैप या स्मॉलकैप फंड। जो निवेशक सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, लेकिन ज्यादा रिटर्न की इच्छा रखते हैं, उनके लिए म्यूचुअल फंड बेहतर विकल्प है। असल में किसी म्यूचुअल फंड स्कीम में अलग अलग कंपनियों के स्टॉक शामिल होते हैं। वहीं, कुछ स्कीम में अलग अलग सेक्टर से अलग अलग स्टॉक निवेश के लिए चुने जाते हैं।



### फंड मैनेजर की देखरेख में होता है निवेश

म्युचुअल फंड की एक और खासियत है कि इसमें कुशल फंड मैनेजर की देखरेख में निवेश किया जाता है। फंड मैनेजर अपनी स्टडी या रिसर्च के आधार पर किसी म्युचुअल फंड के पोर्टफोलियो में शेयरों को शामिल करता है। उनका ध्यान मजबूत ग्रोथ वाली और मुनाफा कमाने वाली कंपनियों पर होता है, ताकि इसका फायदा स्टॉक में ग्रोथ के रूप में मिले। किसी एक स्टॉक में पैसा लगाने की बजाए फंड मैनेजर अलग-अलग सेक्टर के मजबूत फंडामेंटल वाले शेयरों का चयन करता है। इसमें एक और सुविधा है कि अगर एकमुश्त पैसा नहीं लगाना चाहते तो सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिए मंथली बेसिस पर निवेश कर सकते हैं।

### लगातार बढ़ रही है पॉपुलैरिटी

म्यूचुअल फंड्स की लोकप्रियता निवेशकों में बढ़ रही है। एएमएफआई के आंकड़ों के मुताबिक मई 2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश 84 फीसदी उछलकर रिकॉर्ड 34,670.9 करोड़ रुपये हो गया, जबकि अप्रैल में 18,888 करोड़ रुपये रहा। सेक्टोरल फंड्स में मंथली बेसिस पर 272 फीसदी इनफ्लो बढ़ा है। डेट म्यूचुअल फंड्स में 42,295 करोड़ का निवेश आया। म्यूचुअल फंड में न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) के जरिए 10,140 करोड़ का निवेश आया है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम मंथली बेसिस पर 2.9 फीसदी बढ़कर 58.91 लाख करोड़ हो गया है।

### मई में यह रहा इनफ्लो

मई 2024 में इक्विटी कैटेगरी में फ्लेक्सी फंड्स में 3,155.07 करोड़ का इनफ्लो रहा। स्मालकैप फंड्स में 2,724.67 करोड़, मल्टीकैप फंड्स में 2,644.88 करोड़, मिडकैप फंड्स में 2,605.70 करोड़, लार्च एंड मिड कैप में 2,396.91 करोड़, वैल्यू/कॉन्ट्रा फंड में 1,404.34 करोड़, लार्ज कैप में 663 और डिविडेंड यील्ड फंड में 445.2 करोड़ का इनफ्लो हुआ।

### इसलिए करें म्यूचुअल फंड में निवेश

आप किसी भी दिन कितने भी म्युचुअल फंड खरीद और बेच सकते हैं, जबकि यह बैंक एफडी, पीपीएफ या बीमा को आप सरकारी छुट्टी या रविवार को नहीं खरीद बेच सकते हैं। म्युचुअल फंड आपको कम निवेश में कई स्टाक और बांड लेने की सुविधा देता है। आप जिस म्युचुअल फण्ड में निवेश करते हैं उस फण्ड में से किसी एक जगह पैसा नहीं लगाया जाता है।

**अलर्ट** इंश्योरेंस बीमा खरीदते समय अक्सर इसे निवेश समझ बैठते हैं, इसके कारण लंबी अवधि में काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है

## बीमा और निवेश को नहीं करें घालमेल, वरना होगा नुकसान
## फायदे में रहना है तो निवेश व बीमा हमेशा अलग-अलग रखें


**निवेश के लक्ष्य से भटकें नहीं, पैसा बढ़ाने के लिए हमेशा धैर्य रखें और आगे बढ़ते जाएं**

वित्तीय प्लानिंग
बिजनेस डेस्क

इंश्योरेंस कवरेज यानी बीमा और निवेश को (घालमेल) करना ठीक नहीं है। ऐसा करने से आप अपने निवेश के लक्ष्य से भटक जाएंगे और काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बीमा और निवेश के अपने अपने लाभ हैं। इसलिए दोनों को अलग-अलग ही रखें और अपनी जरूतों को पूरा करें। अक्सर लोग पॉलिसी खरीदते समय सबसे बड़ी भूल कर बैठते हैं वह है इंश्योरेंस प्लान में उसकी मेच्योरिटी वैल्यू या निवेश पर रिटर्न की तलाश करना। दरअसल, ऐसी सोच एक बड़ी गलतफहमी का नतीजा है, जो बड़ी संख्या में लोगों को रहती है। ये गलतफहमी है बीमा पॉलिसी को निवेश की तरह देखने की। बीमा खरीदने वाले मैच्योरिटी बेनिफिट और रिटर्न को एक्स्ट्रा बेनिफिट की तरह देखते हैं तो निवेश करने वाले इंश्योरेंस को अतिरिक्त लाभ मान लेते हैं, लेकिन सच यह है कि बीमा और निवेश में घालमेल करने की यह मानसिकता लंबी अवधि में आर्थिक तौर पर भारी नुकसान करा सकती है। इसलिए बीमा करवाते और निवेश करते समय यह ध्यान रखें।

### बीमा को निवेश समझना क्यों गलत

जानकारों का मानना है कि सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि बीमा पॉलिसी को निवेश की तरह देखना गलत है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब आप अपने पैसे कहीं निवेश करते हैं, तो आप वहां से रिटर्न हासिल करने की उम्मीद करते हैं। इसी उम्मीद की वजह से लोग बीमा कंपनी को दिए गए प्रीमियम के बदले में रिटर्न या मेच्योरिटी बेनिफिट खोजने लगते हैं। इसी चक्कर में वे कम कीमत में ज्यादा कवरेज देने वाले टर्म प्लान को रिजेक्ट करके ऐसे एंडोमेंट प्लान को चुन लेते हैं, जिनमें उन्हें जीवित रहने पर सर्वाइवल बेनिफिट के तौर पर कुछ पैसे मिल जाते हैं। उन्हें लगता है कि टर्म प्लान खरीदने में कोई फायदा नहीं है, क्योंकि उसमें कोई सर्वाइवल बेनिफिट नहीं मिलता है। ऐसा सोचने वाले निवेशकों को यह ध्यान नहीं रहता कि एंडोमेंट पॉलिसी में उन्हें काफी ऊंचा प्रीमियम देने के बावजूद कम कवरेज से काम चलाना पड़ता है, जबकि प्योर टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी उन्हें बेहद कम प्रीमियम में अच्छा-खासा कवरेज देती है। टर्म इंश्योरेंस जीवन बीमा का सबसे सस्ता और सबसे अच्छा रूप है, क्योंकि जीवन बीमा का मकसद रिटर्न पाना नहीं, आर्थिक सुरक्षा हासिल करना है।



### कैसे लें पूरा लाभ

अगर बीमा और निवेश को अलग-अलग रखना है, तो दोनों का पूरा लाभ लेने का सही तरीका क्या होगा? आखिर अगर आप एंडोमेंट प्लान के लिए ऊंचा प्रीमियन भरने को तैयार हैं, तो बेहतर होगा अगर आप उसी रकम को दो हिस्सों में बांट लें। एक हिस्सा टर्म प्लान के जरिए बड़ा इंश्योरेंस कवरेज खरीदने पर खर्च करें और बाकी रकम को किसी इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश करें। इस तरह आप उतनी ही रकम खर्च करके ज्यादा कवरेज हासिल कर लेंगे और निवेश की सही रणनीति अपनाकर ऊंचा रिटर्न भी ले पाएंगे।

### इसे ऐसे समझें

अगर 30 साल का व्यक्ति अगर 65 साल की उम्र तक कवरेज देने वाले 1 करोड़ रुपये का टर्म प्लान खरीदना चाहे तो उसका सालाना प्रीमियम महज 12 हजार रुपये से शुरू होता है। जबकि एंडोमेंट प्लान में इतना ही कवरेज खरीदने के लिए उसे सालाना करीब 2.80 लाख रुपये का प्रीमियम देना पड़ेगा। इस प्लान में उसे 65 साल की उम्र में यानी 35 साल बाद 1 करोड़ रुपये का सम एश्योर्ड, 1.68 करोड़ रुपये का बोनस और 2.30 करोड़ रुपये का फाइनल बोनस एडिशन मिलाकर मैच्योरिटी बेनिफिट के तौर पर कुल 4.98 करोड़ रुपये मिलेंगे. जबकि 35 साल में उसने करीब 98 लाख रुपये प्रीमियम के तौर पर चुकाए होंगे. यानी अपने निवेश पर करीब 4 करोड़ रुपये का लाभ होगा। ये कैलकुलेशन एक प्रमुख बीमा कंपनी के एंडोमेंट प्लान कैलकुलेटर पर आधारित हैं।

### टर्म प्लान + म्यूचुअल फंड का कंबिनेशन

अब जानते हैं कि 30 साल का वही निवेशक अगर सालाना 2.80 लाख रुपये की उसी रकम को टर्म प्लान और इक्विटी म्यूचुअल फंड में बांटकर निवेश करे, तो क्या होगा? क्या वो एंडोमेंट प्लान के मुकाबले ज्यादा कवरेज और रिटर्न दोनों हासिल कर सकता है? 30 साल का व्यक्ति चाहे तो करीब 20 हजार रुपये के सालाना प्रीमियम में ऑनलाइन पोर्टल्स के जरिए 2 करोड़ रुपये का टर्म प्लान खरीद सकता है। बाकी बचे 2.60 लाख रुपये अगर 21,666 रुपये के मंथली एसआईपी के जरिए हर साल ईएलएसएस में निवेश किए जाएं, तो 12 फीसदी के कंजर्वेटिव सालाना रिटर्न के आधार पर भी 35 साल में उसके निवेश की कुल वैल्यू 14.07 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी, जबकि इन 35 वर्षों के दौरान उसकी तरफ से निवेश की गई कुल रकम करीब 91 लाख रुपये होगी। यानी उसे अपने निवेश पर करीब 13 करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा होगा। वो भी एंडोमेंट प्लान के मुकाबले दोगुना इंश्योरेंस कवरेज खरीदने के बाद।

### बेहतर कवरेज के साथ हाई रिटर्न

यह कैलकुलेशन किसी खास स्कीम के आधार पर नहीं, बल्कि ऑनलाइन इंश्योरेंस पॉलिसी बेचने वाले पोर्टल पर दिए शुरुआती प्रीमियम के मोटे अनुमान पर आधारित है। इसलिए पॉलिसी खरीदते समय वास्तविक रकम इससे थोड़ी-बहुत अलग हो सकती है। फिर भी टर्म प्लान और एंडोमेंट प्लान के प्रीमियम के बीच भारी अंतर तो बना ही रहेगा। एंडोमेंट प्लान का एक बड़ा नुकसान यह भी है कि भारी प्रीमियम की वजह से कई बार लोग जितना इंश्योरेंस लेना चाहिए, उतना नहीं खरीद पाते हैं, जिसका खामियाजा किसी अनहोनी की हालत में उनके परिवार को उठाना पड़ सकता है। इसीलिए सही रणनीति यही है कि बीमा और निवेश को अलग-अलग रखें, ताकि इंश्योरेंस में सबसे बेहतर कवरेज और इनवेस्टमेंट में हाई रिटर्न, दोनों का पूरा-पूरा फायदा ले सकें। निवेश का अंतिम फैसला करते समय इक्विटी फंड में इनवेस्टमेंट से जुड़े मार्केट रिस्क को भी जरूर ध्यान में रखें।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में मोबाइल फोन चोरी का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने ट्रेन में एक यात्री का मोबाइल फोन चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान रेलवे स्टेशन की ओर आ रहे एक युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। जीआरपी ने उसे काबू किया तो उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। जांच के दौरान पता चला किया यह मोबाइल फोन गुरूग्राम और रेवाड़ी के बीच ट्रेन में अंकित नाम के रेल यात्री का चोरी हुआ था। आरोपी हावड़ा निवासी बिलाल शेख है, जिसे गिरफ्तार करने के बाद जीआरपी पूछताछ कर रही है।

### ट्रॉले की चपेट में आकर महिला घायल

**रेवाड़ी।** जयसिंहपुर खेड़ा बस स्टॉप पर सड़क किनारे खड़ी महिला एक ट्रॉले की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जयसिंहपुर खेड़ा निवासी बिमला देवी दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर बस स्टॉप के पास सड़क किनारे खड़ी हुई थी। इसी दौरान दिल्ली की ओर से आ रहे एक ट्रॉले ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई बिमला देवी को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। ट्रॉला चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### नशा धीरे-धीरे व्यक्ति के जीवन को अंधकार की ओर ले जाता है

# लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से कराया अवगत



झज्जर। जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण एवं पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि



बहादुरगढ़। वाहन चालकों को जागरुक करते महेश कुमार। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा शनिवार को क्षेत्र के गांव बाबेपुर में लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सुबाना चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने कहा कि व्यक्ति को किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। नशा धीरे-धीरे व्यक्ति के जीवन को अंधकार की ओर ले जाता है। नशे की लत के शिकार व्यक्ति अपने नशे की पूर्ति के लिए अपराध की ओर बढ़ जाते हैं। बाद में उसका परिणाम उसके माता-पिता व अन्य रिश्तेदारों को भी भुगतना पड़ता है। उन्होंने मौजूद अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों के साथ बैठकर उनसे प्रेमपूर्वक बात करें। उनका बच्चा किस किस्म के बच्चों के संपर्क में इस बात का ध्यान रखें तथा समय-समय पर अपने बच्चों के मोबाइल फोन को चेक करें। उन्होंने लोगों से कहा कि यदि उन्हें पता चलता है कि उनके आस-पड़ोस में कोई व्यक्ति नशा बेचने के कार्य में संलिप्त है तो इसकी सूचना वे पुलिस को दें। जिला पुलिस द्वारा इस संबंध में मोबाइल नंबर 8030305020 जारी किया गया है जिस पर सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। सूचना मिलने के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** थाना यातायात केएमपी आसौदा के प्रभारी महेश कुमार ने ट्रक ड्राइवरों को किसी प्रकार का नशा नहीं करने के बारे में जागरूक किया। बताया कि वाहन चलाते समय किसी प्रकार के नशे का सेवन न करें। दुर्घटना का एक मुख्य कारण शराब पीकर गाड़ी चलाना व समय पर नींद नहीं लेना भी है। वाहन को निर्धारित गति-सीमा में चलाएं और नशे से दूर रहें। अपने साथियों को भी नशे से दूर रहने की सलाह दें।

# आईटीआई गुढ़ा में दस दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

- इसके अलावा यह प्रोजेक्ट देहरादून, मुंबई व गोवा में चलाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। आईटीआई गुढा में चल रहे शिविर में प्रशिक्षण लेते छात्र व अनुदेशक।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुढ़ा में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के संकल्प प्रोजेक्ट के अंतर्गत शनिवार को एक पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया। प्रोजेक्ट के अंतर्गत नेशनल इंस्ट्रक्शनल मीडिया इंस्टीट्यूट चेन्नई तथा अमृता विश्व विद्यापीठ केरल द्वारा चलाए जा रहे इस दस दिवसीय पायलट प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य भारत में व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों के स्तर को उच्चतम स्थान पर ले जाना है। संस्थान के प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि यह पायलट प्रोजेक्ट देश में केवल चार प्रमुख संस्थानों में शुरू किया गया है जिसमें झज्जर आईटीआई भी शामिल है। इसके अलावा यह प्रोजेक्ट देहरादून, मुंबई व गोवा में चलाया जा रहा है। प्रोजेक्ट के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक्स और सोलर टेक्नीशियन को मानकों, दिशा-निर्देशों और एसओपी के विकास के माध्यम से व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। केरल के अमृता विश्व विद्यापीठ से पांच सदस्यीय टीम ने इस परियोजना में भाग लिया।

### सीजेएम ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ की चाय पे चर्चा



झज्जर। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ चाय पे चर्चा करते हुए सीजेएम अरविंद कुमार बंसल। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी सचिव सीजेएम अरविंद कुमार बंसल ने शनिवार को सेक्टर-6 स्थित वृद्धाश्रम का दौरा कर बुजुर्गों से चाय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की आर्थिक और स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने और उनकी भावनात्मक जरूरतों के प्रति संवेदनशील सामाजिक वातावरण बेहद जरूरी है। उन्होंने वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्गों से वहां दी जानी वाली व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। इसके अलावा उन्होंने कर्मचारियों को साफ-सफाई का ध्यान रखने व दूर-दराज गांवों में भी इसका प्रचार-प्रसार कराए जाने की बात कही ताकि असहाय बुजुर्गों को आश्रय मिल सके। उन्होंने सरकार द्वारा बुजुर्गों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया।

# श्री चैतन्या के विद्यार्थियों ने जीते पुरस्कार




बहादुरगढ़। पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों के साथ डायरेक्टर सीमा। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- आईएसडीसी सम्मेलन में दुनिया के 30 देशों से सैकड़ों छात्र सम्मिलित हुए

अमेरिका के लॉस एंजिल्स में नासा-एनएसएस-आईएसडीसी सम्मेलन में भाग लेते हुए श्री चैतन्या स्कूल ने एक नया इतिहास रचा है। अमेरिका के नासा के निर्देशन में एनएसएस द्वारा चलाए गए आईएसडीसी सम्मेलन में दुनिया के 30 देशों से सैकड़ों छात्र सम्मिलित हुए। इसमें श्री चैतन्या स्कूल के भी 167 छात्रों ने भाग लिया। स्पेस सेटिलमेंट कॉन्टेस्ट में सिर्फ भारत से ही 28 हजार छात्र शामिल हुए। जबकि श्री चैतन्या से ही 639 छात्रों ने इसमें भाग लिया। श्री चैतन्या स्कूल की अकादमिक डॉयरेक्टर सीमा ने बताया कि उनके विद्यार्थियों के 62 प्रोजेक्ट्स को पुरस्कार मिले हैं। उन्होंने पुरस्कृत छात्रों, उनके अभिभावकों, अध्यापकों और सह कर्मचारियों को बधाई दी।

### निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विषय का चुनाव करें विद्यार्थी

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में एडमिशन के लिए अब विद्यार्थियों की चहल-पहल बढ़ने लगी है। महाविद्यालय बिरोहड़ की प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर अनीता फोगाट ने बताया कि महाविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम व एमए इतिहास में छह सौ सीटों पर दाखिले होने हैं। दाखिला प्रक्रिया की जानकारी लेने के लिए विद्यार्थी पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई बार विद्यार्थी दोस्तों व अन्य किसी संबंधी की बातों में आकर बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ऐसे कोर्स का चयन कर लेते हैं जिनकी उन्हें ना तो कोई जानकारी होती है और न ही उनका स्कूलिंग के दौरान उस कोर्स या विषय का बेस होता है। ऐसे में उनकी पढ़ाई में दिक्कत आती है और वे अपना भविष्य सुनिश्चित नहीं कर पाते। इसलिए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण कर अपने विषय का चुनाव करना चाहिए।



डॉ. अनीता फोगाट, प्रशासनिक अधिकारी, राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़।

# ईएसआई हॉस्पिटल के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान




बहादुरगढ़। हस्ताक्षर अभियान चलाते समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

निर्माणाधीन ईएसआई अस्पताल को जल्दी बनवाने के लिए नागरिक सद्भावना समिति ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। ब्रह्म सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश व किसान मजदूर उत्थान मोर्चा के अध्यक्ष सुमित छिकारा ने भी हस्ताक्षर अभियान का समर्थन किया। चूंकि बहादुरगढ़ में लाखों मजदूर होने के बावजूद केवल तीन ही ईएसआई डिस्पेंसरी हैं। उपचार के लिए मजदूर वर्ग व उनके परिवारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। श्रमिकों ने भी अभियान के दौरान हस्ताक्षर करके सरकार से अस्पताल शीघ्र बनवाने की गुहार लगाई।

### एचसीएस के घोषित परिणाम में अंकित को मिली सफलता

**झज्जर।** शनिवार को एचसीएस परीक्षा के घोषित परिणामों में एचडी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीएड प्रथम वर्ष के छात्र अंकित जाखड़ ने सफलता हासिल कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया है। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि दो वर्ष के कार्यकाल में उनके संस्थान ने देश को पांचवां एचसीएस अधिकारी दिया है। इससे पहले मंजीत जाखड़, रोहित जाखड़, दिव्या जाखड़ व सतपाल कादियान एचसीएस अधिकारी बनकर देश सेवा में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अंकित जाखड़ के पिता सतपाल जाखड़ पिछले करीब 19 वर्षों से भूरावास के राजकीय स्कूल में अतिथि अध्यापक के रूप में सेवा दे रहे हैं। अंकित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों व एचडी प्रबंधन समिति को दिया। उसकी इस सफलता पर जाखड़ खाप की साल्हावास गोशाला के प्रधान एसीपी राजबीर जाखड़, उमेद, कर्नल रणबीर जाखड़, सोमबीर जाखड़, सुनील, प्राचार्य नित्यानंद जाखड़ व इंद्र सिंह जाखड़ सहित अनेक शिक्षाविदें ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



अंकित जाखड़

# चांदनी चौक में अब भी रुक रुक कर उठ रहा धुआं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- दमकलकर्मियों का ऑपरेशन कूलिंग शनिवार को भी रहा जारी
- एसी के आउटर में निकली चिंगारी से आग की आशंका

चांदनी चौक के कटरा मारवाड़ी में शनिवार को भी कूलिंग का ऑपरेशन जारी रहा। अभी भी कई जगह रूक रूककर धुआं उठ रहा है। दमकल विभाग की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर अभी भी मौजूद है। ताकि आग दोबारा भड़के तो उस पर काबू पाया जा सकें। दूसरी तरफ घटना को लेकर कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। पुलिस की शुरुआती छानबीन में पता चला है दूसरी मंजिल पर दुकान में लगे एसी के आउटर डोर में निकली चिंगारी के बाद आग लगी थी। शनिवार को क्राइम और एफएसएल की टीम ने भी घटनासथल पर पहुंच हालात का जायजा लिया।दमकल विभाग के मुताबिक गुरुवार शाम से शनिवार तक 100 से ज्यादा गाड़ियों का इस्तेमाल आग बुझाने में किया जा चुका है। 10 लाख लीटर पानी आग बुझाने में खर्च हुआ है। पूरी मार्किट में साड़ी, सूट, लहंगे व ड्रेस मैटेरियल का ही काम होता था। ऊपरी सतह पर लगी आग तो बुझ चुकी है, लेकिन तेज गर्मी के कारण पानी सूखते ही आग फिर से धधक उठती है। कूलिंग का काम पूरा होने में अभी भी एक दो दिन लग सकते हैं।

# आनंद कुमार को सम्मानित किया




- रक्तदान क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए किया सम्मानित

झज्जर। बहुउद्देशीय कार्यकर्ता आनंद कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सिलानी गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता आनंद कुमार को शनिवार को एमईटी रिलायंस फाउंडेशन द्वारा दादरी तोए में आयोजित किए गए रक्तदान शिविर में सम्मानित किया गया। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह द्वारा उसे 39वीं बार रक्तदान करने के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया। आनंद कुमार ने युवाओं को दिए अपने संदेश में कहा कि रक्तदान करने से जहां किसी जरुरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है वहीं रक्तदाता का भी हार्ट अटैक, बीपी, कैंसर, सिरदर्द आदि बीमारियों से बचाव होता है।

### ऑपरेशन थियेटर से मरीज को लौटाया वापस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के दावे करने वाली दिल्ली सरकार के अस्पतालों में चोटिल मरीजों का इलाज करने के लिए सामान नहीं मिल पा रहे हैं जिसके चलते उन्हें ऑपरेशन थियेटर से ही वापस लौटा दिया जाता है। ताजा मामला रोहिणी स्थित डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर अस्पताल से सामने आया है। यहां से लौटाए गए मरीज हरीश ने बताया कि वह आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है और प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवाने में असमर्थ है। उन्होंने बताया कि पैर के इलाज के लिए अम्बेडकर अस्पताल में काफी चक्कर काटने के बाद ऑपरेशन के लिए 8 जून शनिवार को दाखिल हुआ था लेकिन मंगलवार को अस्पताल से डॉक्टरों ने यह कहकर वापिस लौटा दिया कि पैर के ऑपरेशन में लगने वाला इंप्लांट अस्पताल में मौजूद नहीं है और ऑपरेशन किसी अन्य जगह से करवाने की सलाह देकर डिस्चार्ज कर दिया गया। इससे दुखी होकर पीड़ित मरीज ने दिल्ली के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित अस्पताल एमएस को लिखित में शिकायत देकर इलाज की गुहार लगाई है ताकि पैर खराब होने से बच जाए।

# जनता ने दिए प्रदेश में बदलाव के संकेत : दीपेंद्र



झज्जर। धन्यवादी सम्मेलन में कार्यकर्ताओं के बीच सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- दीपेंद्र हुड्डा ने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया

नव निर्वाचित सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद विधानसभा चुनाव में प्रदेश से भाजपा को साफ करने का नारा दिया है। शनिवार को बादली और झज्जर हलके में धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के लिए पहुंचे दीपेंद्र हुड्डा ने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। विधायक गीता भुक्कल एवं विधायक कुलदीप वत्स की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने प्रदेश में बदलाव का संकेत दे दिया है। बड़े मार्जन के साथ कांग्रेस का वोट बैंक बढ़ा और भाजपा के वोट बैंक में गिरावट आई है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि इस चुनाव में जनता ने प्रजातंत्र तो बचा लिया है अब हरियाणा को बचाना है और दो महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि आज जनभावना हमारे साथ है। लोकसभा चुनाव में बीजेपी हाफ हो गई। विधान सभा चुनाव में बीजेपी साफ होगी। इस मौके पर नरेश हसनपुर, पूर्व पार्षद राव नाहर सिंह, पूर्व पार्षद शिशुपाल मलिक, रामअवतार उर्फ दीपक गहलावत, नीटी गहलावत, ठेकेदार सुनील जांगड़ा, महाबीर गुर्जर, सुभाष गुर्जर, वीरेंद्र कौशिक, वीरेंद्र दरोगा, देवेंद्र यादव, बिल्लू धींगड़ा, प्रेम पोपली, सुनील जाखड़, जेपी कादियान, संजीत खन्ना सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# दो करोड़ की रंगदारी और फायरिंग के प्रयास मामले में तीन शूटर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- स्पेशल सेल की कार्रवाई, संपत नेहरा गैंग से है शूटरों का संबंध
- नरेला में सामने आया था केस

स्पेशल सेल ने संपत नेहरा गिरोह के तीन शूटरों को पकड़ा हैं। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। बदमाशों के पास से से .32 बोर की दो पिस्टल और नौ कारतूस बरामद हुए। गत दिनों नरेला के बिजनेसमैन से दो करोड़ की रंगदारी व फायरिंग के प्रयास मामले में ये बदमाश वांछित थे। गिरफ्त में आये दो बदमाशों के नाम झज्जर, हरियाणा निवासी सुमित और रोहित है।

डीसीपी प्रतीक्षा गोदरा के अनुसार चार जून को नरेला थाने में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता का कहना था कि वह अपने पीएसओ के साथ ऑफिस में मौजूद थे। शाम करीब साढ़े छह बजे एक लड़का ऑफिस के सामने पिस्टल से निशाना साधते और गोली चलाने का प्रयास करते दिखा। उनके शोर मचाने पर वह अपने साथी के साथ स्कूटी से बवाना की ओर फरार हो गया। इससे पहले दो जून को उनके पास एक अंतराष्ट्रीय नंबर से वाट्सएप कॉल आया था, जिसमें दो करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी। डिमांड पूरी नहीं होने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी गई थी। हाल ही में सेल की टीम को इनपूट मिला कि आरोपी शाहबाद डेयरी इलाके में छिपे हैं। एक टीम ने शाहबाद डेयरी में जाल बिछाया और रात करीब नौ बजे दो युवकों को घेर सरेंडर करने की हिदायत दी गई। एक युवक ने पिस्टल निकाल लोड करने का प्रयास किया तभी उसे सहयोगी के साथ दबोच लिया गया। बाद में एक आरोपी का नाम सुमित पता चला। दूसरा किशोर था। इनकी निशानदेही पर तीसरे आरोपी रोहित को भी अरेस्ट कर लिया गया।

# उंगुलियां कटने के बाद श्रमिक को निकाला

- कंपनी प्रबंधकों व ठेकेदार सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

एचएसआईआईडीसी में एक कंपनी में काम करते समय हाथ उंगुलियां कटने के बाद श्रमिक को बाहर का रास्ता दिखाना प्रबंधन को महंगा पड़ गया। कसोला पुलिस ने कंपनी प्रबंधकों व ठेकेदार सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस शिकायत में यूपी के नगला तुरावली निवासी रविंद्र ने बताया कि वह चिराहड़ा गांव में किराए के मकान में रह रहा है। कम शिक्षित होने के कारण वह मशीन पर काम करना नहीं जानता। एचएसआईआईडीसी की एक कंपनी के ठेकेदार रामअवतार ने उसे कंपनी में गाड़ी भरने व खाली करने के लिए काम पर लगाया था। रविंद्र ने आरोप लगाया कि मशीन चलाने की जानकारी नहीं होने के बावजूद ठेकेदार व कंपनी प्रबंधकों ने उसे जबरन मशीन पर काम करने को मजबूर कर दिया। 17 मई को मशीन पर काम करते समय उसके हाथ की दो अंगुलियां कट गईं। प्रबंधकों ने एक प्राइवेट अस्पताल में उसका उपचार कराया।

### आर्थिक मजबूरी ने कराया मशीन पर काम

रविंद्र ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार का पेट पालने के लिए अकेला सहारा है। ठेकेदार व प्रबंधकों ने काम से निकालने की धमकी देकर उसे मशीन पर जबरन काम करने को मजबूर किया था। मशीन की जानकारी नहीं होने के कारण उसके हाथ की अंगुलियां कट गईं। उसे आर्थिक मदद मुहैया कराने की बताया कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। अब प्रबंधन का कहना है कि अंगुलियां कटने के बाद वह उनके किसी काम का नहीं है, जिस कारण उसे काम पर नहीं रखा जा रहा।

### बाइक की टक्कर लगने से युवक घायल

**नाहड़।** जुड्डी रोड पर सड़क किनारे पैदल जा रहा एक युवक बाइक की चपेट में आकर घायल हो गया। गांव निवासी उमेद अपने भाई सत्यवीर का खाना लेकर घर से अपने खेत की ओर जा रहा था। जंगलात के पास पहुंचते ही एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**सूचना**

मैं, राजेन्द्र पुत्र श्री प्रमेशवर निवासी गली नंबर-19 वार्ड नंबर-1 विकास नगर लाईन पार बहादुरगढ़ तहसील बहादुरगढ जिला झज्जर-124507 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र पवन कुमार तथा मेरी पुत्रवधु सजनी और मेरा पोता लखी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। राज्यपाल से सम्मान प्राप्त करते नरेश कौशिक। फोटो : हरिभूमि

### राज्यपाल ने किया नरेश को सम्मानित

**बहादुरगढ़।** अंबाला में विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में रक्तदान के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले नरेश कौशिक को सम्मानित किया गया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुभाना के सामाजिक कार्यकर्ता नरेश कौशिक को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। नरेश अब तक रक्तदान की मुहिम से जुड़कर 150 से ज्यादा रक्तदान शिविर आयोजित कर चुके हैं।


झज्जर। हरिपुरा मौहल्ला में लगाई छबील के दौरान सेवाएं देते दुकानदार।

### छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया शरबत

**झज्जर।** महाराज अजमीढ़ सभा की ओर से हरिपुरा मौहल्ला में शनिवार को छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। स्वर्णकार संघ के प्रधान रमेश सोनी ने बताया कि दिनों दिन गर्मी बढ़ती जा रही गर्मी को देखते हुए राहगीरों को प्यास से निजात दिलाने के उद्देश्य से उन्होंने छबील लगाई है। इस मौके पर बल्लू सेढ़ा, एडवोकेट आरके वर्मा, बिजेंद्र सेढ़ा, रमेश, मामू सोनी, अनुज, सरजीत, मोनू, सोनू, मुकेश सोनी, रामकरण सोनी, विनोद मदान, लवली, नंदू वर्मा, हेमंत, आशा सोलंकी आदि ने छबील के दौरान सेवाएं दीं।

### मकान के बाहर से गाड़ी चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहनों की चोरी नहीं थम रही। अब एक और वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दी है। सेक्टर-2 के निवासी अंकित का कहना है कि वीरवार की रात को उसने अपनी स्विफ्ट कार मकान के बाहर खड़ी की थी। अगली सुबह देखा तो नहीं मिली। काफी जगह तलाश की लेकिन कहीं नहीं मिली।

## राव मंगलीराम पार्क में तीन दिवसीय योग शिविर का किया आयोजन

# लोगों को कराया योग प्रोटोकॉल का अभ्यास

**लोगों को योग आसनों व प्राणायामों की जानकारी दी गई**


झज्जर। राव मंगलीराम पार्क में लोगों को योगाभ्यास कराते हुए योग सहायक तथा बहादुरगढ़ में फिल्म अभिनेत्री आशा बोरदोलोई को गीता ग्रंथ भेंट करती डॉ. अंजू अग्रवाल तथा टांडाहेड़ी में ग्रामीणों को योग का महत्व समझाती स्वाति। फोटो : हरिभूमि

- ताड़ासन, वृक्षासन, घुटना चालन आदि का अभ्यास कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के सानिध्य में शहर के सीताराम गेट स्थित राव मंगलीराम पार्क में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान युवाओं, महिलाओं व बडे-बुजुर्गों को आगामी 21 जून को होने वाले दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। इस दौरान योग सहायक गौतम, प्रवीण, दयावती, ममता, अंजली, योग विशेषज्ञ आचार्य बलदेव द्वारा लोगों को विभिन्न योग आसनों व प्राणायामों की जानकारी दी गई। इसके अलावा योग साधकों को ग्रीवा चालन के अभ्यास ताड़ासन, वृक्षासन, घुटना चालन, भद्रासन, वज्रासन, उत्थान मंडूकासन, अनुलोम-विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम व धयान का अभ्यास भी कराया गया। शिविर के दौरान जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर इंद्रजीत रोहिल्ला व योग कोऑर्डिनेटर डॉक्टर पवन देशवाल ने सहयोग दिया।

### टांडाहेड़ी में किया योग के प्रति प्रेरित

**बहादुरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छारा में कार्यरत योग सहायिका स्वाति और एएमओ डॉ. सुधीर ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर लोगों को योग के प्रति जागरूक किया। शनिवार को उन्होंने टांडाहेड़ी गांव में लोगों को योग के प्रति प्रोत्साहित करते हुए बताया योग से हमारा तन-मन स्वस्थ रहता है। योग करने से हमारे अंदर अन्य कौशलों का विकास होता है। इस रैली में ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इससे पहले वे खरहर, आसंडा और भापड़ोदा में योग जागरण रैली निकाल चुके हैं।

### योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान

**बहादुरगढ़।** योगाचार्य एवं शिक्षाविद डॉ अंजू अग्रवाल ने असम की सुपरस्टार फिल्म अभिनेत्री आशा बोरदोलोई के साथ योग कर आमजन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने का संदेश दिया। अभिनेत्री आशा बोरदोलोई ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। डॉ अंजू अग्रवाल ने उनके साथ योग किया और श्रीमद्भागवत गीता ग्रंथ भेंट कर उनका सम्मान किया। पिछले 3 दशकों से योग के प्रचार-प्रसार में जुड़ी अग्रवाल ने बताया कि योग के माध्यम से शारीरिक व मानसिक रूप से भी मजबूती मिलती है। इस मौके पर दीपाली बर्मन व चेयरपर्सन सरोज राठी भी मौजूद रही।


बहादुरगढ़। वैश्य कॉलेज में ऑनलाइन पंजीकरण करवाती छात्राएं।

# रविवार को भी एडमिशन के लिए होगा रजिस्ट्रेशन

## घर बैठे भी करवा सकते हैं रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

कॉलेजों में एडमिशन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 3 जून से जारी है। यह प्रक्रिया 25 जून तक चलेगी। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय बहादुरगढ़ में वार्षिक सत्र 2024-25 में दाखिले के लिए रविवार को छुट्टी के दिन भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी रहेगी। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि विभिन्न स्नातक संकायों में दाखिले के लिए छात्र स्वयं घर बैठे भी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। अगर किसी भी छात्रा को कोई रजिस्ट्रेशन से संबधित कोई समस्या आती है, तो वे महाविद्यालय में आकर अपनी समस्या का समाधान करवा सकती हैं। अंतिम दिनों में यूजर्स बढ़ने के कारण एडमिशन पोर्टल की धीमी गति व सर्वर संबंधी अन्य कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसीलिए अंतिम तिथि से पहले रजिस्ट्रेशन करवाएं। कॉलेज में बीए प्रोग्राम में 160, बीकॉम में 160, बीसीए में 180 व बीएससी फिजीकल साइंस में 60 सीटें हैं। दाखिले के लिए छात्राएं अपनी 10वीं की मार्कशीट, 12वीं का परिणाम कॉपी, परिवार पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, फोटो, डोमिसाइल सर्टिफिकेट इत्यादि दस्तावेज लाकर पंजीकरण करा सकती हैं।

# कंपोजिट अस्पतालों में जारी रहे इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- तुगलकी फरमान आठ फरवरी 2022 को जारी हुआ

सीआरपीएफ कंपोजिट अस्पतालों द्वारा रिटायर्ड व शहीद परिवारों के सदस्यों को आईपीडी सुविधा देने से इंकार करने के फैसले पर नाराजगी जताई गई है। अलॉयंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेज वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कंपोजिट अस्पतालों में यह सुविधा/सेवा बरकरार रखने की मांग उठाई है। एसोसिएशन महासचिव रणबीर सिंह ने कहा कि जिस जवान ने अपनी पूरी जिंदगी के महत्वपूर्ण 40 साल देश की सेवा में गुजार दिए, आज उन्हें सीआरपीएफ कंपोजिट अस्पतालों में आईपीडी सुविधा से महरूम किया जा रहा है।

बेहद ही दुख भरी बात है कि देश के लिए जान कुर्बान करने वाले जांबाजों के परिवारों को भी नहीं बख्शा गया। उन्होंने कहा कि यह तुगलकी फरमान आठ फरवरी 2022 को जारी हुआ। हैरानी की बात ये कि इस डिजिटल युग में गैरजिम्मेदाराना फरमान को पुलिस उपमहानिरीक्षक (चिकित्सा) बैंगलोर के पास पहुंचने में दो साल नब्बे दिन लग गए। ज्ञात रहे कि यह फरमान अभी 31 मई 2024 को डीआईजी चिकित्सा बैंगलोर द्वारा जारी किया गया। एक तरफ केंद्रीय सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सुरक्षा बलों के परिवारों के लिए सीएपीएफ आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पांच लाख तक का मुफ्त ईलाज देने की स्कीम लेकर आई तो दूसरी ओर सीआरपीएफ कंपोजिट अस्पतालों ने आईपीडी सुविधा बंद कर दी। इस फरमान से हजारों अर्द्धसैनिक परिवार प्रभावित होंगे। क्या गुजरेगी उन शहीदों की वीरांगनाओं पर, जिनके सुहाग ने ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। शहीद जवानों के बूढ़े मां-बाप अब ईलाज के लिए कहां गुहार लगाएं। उन्होंने कहा कि इस कदम को वापस लिया जाए और कंपोजिट अस्पतालों में आईपीडी की सुविधा बरकरार रखी जाए।

### सुनील देवी को किया सम्मानित

**बहादुरगढ़।** अंबाला में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आयुष विभाग में कार्यरत योग सहायक सुनील देवी को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वे पिछले कई वर्षों से योग के प्रति आमजन को प्रेरित कर रही हैं। कई सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रियता से भाग ले रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र दहिया, प्रदीप यादव, दिनेश खोखर, भारत नागपाल, पार्षद प्रवीण सोनू, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. सुशीला सांगवान व संजीव कुमार आदि ने सुनील देवी को बधाई दी।

## रेखाचित्र के माध्यम से दर्शाया पिता-पुत्र का प्रेम



झज्जर। भदाना गांव की चौपाल में फादर्स-डे के उपलक्ष्य में बनाया गया रेखाचित्र। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने मिलकर वर्ल्ड फादर्स-डे के उपलक्ष्य में एक रंगोली रेखाचित्र बनाकर पिता-पुत्र के प्रेम को प्रदर्शित किया। साडा बापू रब वरगा शीर्षक से बनाए इस रेखाचित्र संदेश में दिया गया है कि एक पिता के कंधों पर पूरे परिवार के लालन-पालन की जिम्मेवारी होती है। वह पूरी उम्र अपनी संतान के सुनहरे भविष्य के लिए अपना वर्तमान दांव पर लगाता रहता है। विश्व में पहली बार फादर्स-डे अमेरिका में 19 जून 1910 में मनाया गया था। उसके बाद प्रतिवर्ष जून के तीसरे रविवार को फादर्स-डे के रूप में मनाया जाने लगा। इस मौके पर देवीदत्त शर्मा, सुभाष शर्मा, सौरव वशिष्ठ, नसीब कौशिक, सचिन कौशिक, अमन कौशिक,धनन्जय वशिष्ठ, केशव शर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## बुपनिया में दो भाइयों को पीटा

**बहादुरगढ़।** गांव बुपनिया में दो किसान भाइयों के साथ मारपीट की गई। उन पर रॉड से हमला किया गया। हमले में उन्हें काफी चोट आई। उन्होंने पुलिस को शिकायत दे दी है। शिकायत के आधार पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायलों की पहचान निखिल व अमित के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में निखिल ने कहा है कि हमारे खेत में लगा हुआ इंजन जल गया था। शुक्रवार को मैं व मेरा भाई सुबह दस इंजन ठीक करने जा रहे थे। वहां हमने देखा तो पड़ोसी दो किसान अपने खेत में पाइप लाइन दबा रहे थे। उन्होंने हमारे खेत में दबी हुई पइप लाइन मशीन से तोड़ दी। हमने कारण पूछा तो मेर सिर में रॉड उठाकर मारी। फिर मेरे भाई पर दोनों ने हमला कर दिया। घायल करने के बाद वे धमकी देकर भाग गए। बाद में परिजनों ने हमको अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# विश्वकर्मा चौक के गड्ढे बने बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। विश्वकर्मा चौक पर गड्ढे दिखाते आरएसओ व यातायात पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

शहर के रेलवे रोड पर स्थित विश्वकर्मा चौक के गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानी पैदा कर रहे हैं। यहां 6 तरफ से वाहन तेज गति से गुरजते हैं और गड्ढों के कारण जोखिम बढ़ जाता है। आरएसओ सतीश शर्मा और प्रवीण शर्मा ने बताया कि विश्व कर्मा चौक पर रोहतक रोड, नाहरा नाहरी रोड, ड्रेन के दोनों रास्तों, रेलवे स्टेशन की तरफ से, इंद्रा मार्किट और गांधी मार्किट की तरफ से वाहन तेज गति से आते हैं। यहां गड्ढों के कारण हादसे होने की आशंका बढ़ जाती है। गड्ढों के कारण आवागमन प्रभावित रहता है और जाम भी बढ़ता है। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों से पुराने तरीकों को छोड़कर अत्याधुनिक तकनीक से सड़क के गड्ढों को भरने की मांग की। चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने शीघ्र ही इन गड्ढों को भरवाने का आश्वासन दिया है।

# महिला की शिकायत पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- दो पक्षों के विवाद में लाठी-डंडे और ईंट पत्थर चलने से एक पक्ष के कई लोग हो गए थे घायल

गांव लडरावण में दो पक्षों में विवाद हो गया। इस विवाद में लाठी-डंडे और ईंट पत्थर चल गए। हमले में एक पक्ष के कई लोग घायल हुए। एक महिला को अधिक चोट आई है। उसकी शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। मकान की सीढ़ियां/रैंप आदि बनाने को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है। पुलिस तफ्तीश में जुटी है। मामला कुछ दिन पुराना है। अधिकारियों को शिकायत देने के बाद अब केस दर्ज हो सका है। शिकायतकर्ता सुनीता का कहना है कि वे खेतीबाड़ी करते हैं। कुछ दिन पहले उनके पड़ोसी अपने मकान का पैड़ा काफी बाहर तक गली में उतार रहे थे। इसके लिए गली का रास्ता भी रोका गया था। जबकि उनके मकान की मुख्य गली दूसरी तरफ है। हमने इसका विरोध किया तो वे झगड़ने लगे। उन लोगों ने हम पर पत्थर, डंडों, लोहे की रॉड आदि से हमला कर दिया। आसपड़ोस के लोग इकट्ठे हुए तो वे धमकी देकर चले गए। इस हमले में हमें काफी चोट आई। मेरे सिर की एक हड्डी में भी फ्रेक्चर हुआ। तब हमने पुलिस को शिकायत दी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद डीसीपी आफिस में शिकायत दी, जिसके बाद केस दर्ज हो सका है। उधर, दूसरी तरफ पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900


बहादुरगढ़। सांसद बिप्लब कुमार देब को बधाई देते डा. नीना राठी व सतपाल राठी।

## आईटीआई संस्थानों में अवकाश के दिनों में भी चालू रहेगी दाखिला प्रक्रिया

- विद्यार्थी संस्थान पहुंच कर दाखिले के लिए पंजीकरण करा सकते

**झज्जर।** जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आगामी सत्र में दाखिले के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया अवकाश के दिनों में भी चालू रहेगी। प्रवक्ता ने बताया कि दाखिला प्रक्रिया को सुचारू रखने एवं शत-प्रतिशत दाखिले के लिए संस्थानों में बनाए गए हेल्प डेस्क छुट्टी के दिन भी यानि रविवार व सोमवार को चालू रहेंगे। इन दिनों में विद्यार्थी संस्थान पहुंच कर दाखिले के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

### जीतने पर बिप्लब देब का किया सम्मान

**बहादुरगढ़।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डा. नीना राठी व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल राठी ने लोकसभा चुनाव जीतने पर हरियाणा भाजपा प्रभारी बिप्लब कुमार देब से मिलकर बधाई दी। इस दौरान भाजपा की रीति-नीतियों व आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा की। राठी ने कहा कि जब से हरियाणा में भाजपा की सरकार बनीं है, तभी से प्रदेश तरक्की कर रहा है। भाजपा की कथनी व करनी में कोई अंतर नहीं है। भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के राष्ट्र उत्थान में लगी है। इस मौके पर उनके पुत्र एडवोकेट आश्चर्य राठी भी मौजूद रहे।

## अब मंगलवार को लगेगा समाधान शिविर

# शिकायतों का किया जा रहा मौके पर निदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। शिविरों के दौरान अब तक कुल 494 शिकायतें प्रशासन के समक्ष पहुंची है जिनका निदान करवाया जा रहा है। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं को पहले नंबर लगाकर पर्ची दी जाती है। जिसके बाद शिकायत पर सुनवाई करते हुए उसे संबंधित विभाग के अधिकारी के साथ चर्चा करते हुए समाधान करने के निर्देश दिए जाते हैं। परिवार पहचान पत्र व पेंशन आदि की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाता है। जिन समस्याओं का समाधान मौके पर संभव नहीं होता ऐसे मामलों में विभागाध्यक्षों को निर्धारित समय में समाधान करने के निर्देश दिए जाते हैं। शीघ्र समाधान के निर्देश, लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई : डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को समाधान शिविर की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका तय समय में समाधान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर की शिकायतों को लेकर अगर कोई कर्मचारी लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।


झज्जर। समाधान शिविर में अपनी समस्याएं रखते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि